सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 279
21/03/2026

राज्यपाल ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की

पटना 21 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने मुख्य सचिव से बिहार में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की स्थिति एवं इन क्षेत्रों में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिये।

मुख्य सचिव ने बताया कि शिक्षा विभाग से उच्च शिक्षा को अलग कर एक अलग उच्च शिक्षा विभाग बनाया गया है। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से बिहार में उच्च शिक्षा की स्थिति, समर्थ पोर्टल, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय, उच्च शिक्षा से संबंधित योजनाओं आदि की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के विषय में बताते हुए सरकारी विद्यालयों, शिक्षकों एवं नामांकित बच्चों की संख्या, विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति एवं अन्य डी०बी०टी० योजनाओं, स्कूली शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण डिजिटल पहल, प्रधानमंत्री पोषण योजना आदि के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया।

राज्यपाल को बताया गया कि पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बन चुका है। इस पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य सचिव ने उन्हें बाल हृदय योजना, बाल श्रवण योजना, भव्या एप्लीकेशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राज्य स्वास्थ्य समिति, मेडिकल शिक्षा, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना, स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं, प्रमुख स्वास्थ्य संकेतक इत्यादि के विषय में विस्तार से बताया। स्वास्थ्य विभाग में 'दीदी की रसोई' के क्रियान्वयन पर राज्यपाल ने खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० रॉबर्ट एल० चोंग्थू तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....